न्यायालय जिला पंजीयक एवं अति.जिला कलक्टर, बीकानेर

1– दलीप कुमार पुत्र शुभकरण जाति वाल्मिकी निवासी मितावाली तहसील टिब्बी–हनुमानगढ़
2– मामराज पुत्र मूलाराम जाति नाई निवासी धीरदेसर पुरोहितान तह. श्रीडूंगरगढ़

–:बनाम:–

उप पंजीयक, श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर

किस्म मुकदमा:– पंजीयन अपील. मुकदमा नम्बर– 01/2018

तारीख हुक्म	हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
30.01.2018	आज यह पंजीयन अपील कार्यालय रिर्पोट होकर हमारे समक्ष पेश हुई। कार्यालय रिर्पोट का अवलोकन किया गया। यह पंजीयन अपील उप पंजीयक श्रीडूंगरगढ़ के आदेश दिनांक 24.01.2018 के विरूद्ध इस न्यायालय में पेश की गई है। जो इस न्यायालय के श्रवण क्षेत्राधिकार में है। अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। रेस्पोण्डेण्ट को बअखज तलबाना जरिये सम्मन तलब किया जावे। सम्मन जारी होंवे। अपील में वर्णित बिन्दुओं के संबंध में उप पंजीयक श्रीडूंगरगढ से तथ्यात्मक रिपोर्ट ली जावे। पत्रावली आयन्दा दिनांक 22.02.2018 को पेश हो । **अति.जिला कलक्टर, बीकानेर**	193 02-02-18 194 02-02-18
22-02-18	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट अधिवक्ता उपस्थित। उप पंजीयक श्रीडूंगरगढ़ के पत्रांक पंजी/18/28 दिनांक 20.2.2018 द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जो शामिल पत्रावली की गई। वित विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर की अधिसूचना दिनांक 12.02.2018 द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 16) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और विभाग की अधिसूचना संख्यांक एफ. 1(10)वित/ग्रुप–4/92–1 दिनांक 10.5.1994 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार द्वारा उप महानिरीक्षक पंजीयक एवं मुद्रांक, बीकानेर वृत जिला बीकानेर को रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। अतः पत्रावली रजिस्ट्रार एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक वृत बीकानेर को सुनवाई हेतु हस्तान्तरण की जाती है। उभय पक्ष आगामी पेशी दिनांक 13.03.2018 को रजिस्ट्रार एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक वृत बीकानेर के समक्ष सुनवाई हेतु उपस्थित होवें। उभय पक्ष सूचित हो। मूल पत्रावली ...	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official